...ख हुकम	हुकम कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुकम की तामील मे जारी हुए

राजस्व आवेदन संख्या 114 / 2021 अनवान प्रधानाध्यापक रा0प्रा0वि0 करनाणीयों का तला बनाम तहसीलदार बाड़मेर

राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रशासन गांवो के संग अभियान–2021 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मुख्यालय पर न्याय प्रदान करने के उद्देश्य से पक्षकारान राजीव गांधी सेवा केन्द्र सनावडा पर जरिये नोटिस तलब होकर पत्रावली दिनांक 27.10.2021 को राजीव गांधी सेवा केन्द्र सनावड़ा पर पेश हो।

(रोहित चौहान)
उपखण्ड अधिकारी, बाड़मेर

27.10.2021

पत्रावली राजीव गांधी सेवा केन्द्र सनावड़ा में पेश हुई। प्रार्थीगण एवं अप्रार्थीगण उपस्थित। अप्रार्थीगण के नॉटिस तामिल की श्रेणी में प्राप्त हो चुके है। प्रार्थी ने भू–राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 131, 136 के तहत् प्रकरण प्रस्तुत किया।

प्रकरण मे तहसीलदार बाड़मेर से रिपोर्ट तलब की गई। तहसीलदार बाड़मेर की रिपोर्ट अनुसार रेकर्ड की जॉच की गई, उसके उसमे पाया गया कि उक्त मौजा मेगवालों का तला के खसरा नंबर 1013 / 869 रकबा 3.00 बीघा मे राजकीय प्राथमिक विधालय करनाणियों का तला (सनावड़ा) के नाम से किसी प्रकार का भूमि आवंटन नही हो रखा है। बिना भूमि आवंटन के विधालय के नाम से तरमीम दुरूस्त किया जाना संभव नही है।

अतः प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र निराधार होने से खारिज किया जाता है। निर्णय मजमेआम में सुनाया गया। पत्रावली सुमार फैसल होकर दाखिल दफ्तर हो।

(रोहित चौहान)
उपखण्ड अधिकारी, बाड़मेर